कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग मुश्किल में

डेली न्यूज, मुंबई। पिछले 2 महीने में क्रॉफ्ट पेपर मिलों द्वारा निरंतर भाव वृद्धि किए जाने से और दूसरी ओर अन्य कन्वर्जन इनपुट कास्ट बढ़ने से भारत का कोरूगेटेड बॉक्स उद्योग मुश्किल में आ गया है। इंडियन कोरूगेटेड केस मैन्युफैक्चरर्स एसो. (इकमा) के प्रमुख संदीप वाधवा ने बताया कि देसी और आयातित वेस्ट पेपर का भाव पिछले 2 महीने में प्रति मेट्रिक टन 4500 से 5000 तक बढ़ गया। भारत के 350 से अधिक ऑटोमेटिक कोरूगेटर और 10,000 से अधिक सेमी ऑटोमेटिक यूनिटें कोविड-19 के कारण भारी परेशानी अनुभव कर रही हैं, यह उद्योग 6 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है।